पंजाब केसरी 18/03/2026

जी.एम.एन. कॉलेज में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता रैली आयोजित

जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में भाग लेतीं छात्राएं। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 17 मार्च (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाना तथा महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों, विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम के दौरान सिविल डिफैंस, अम्बाला के कंपनी कमांडर संजीव सैनी ने छात्राओं को आत्मरक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न कठिन परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने, हमले की स्थिति में बचाव करने तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रभावी तरीके से प्रतिकार कर सुरक्षित रूप से स्थिति से बाहर निकलने के व्यावहारिक उपाय सिखाए। इस प्रशिक्षण ने छात्राओं में आत्मविश्वास और सजगता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिविर के पश्चात् अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान छात्राओं ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न नारे लगाए और आमजन को इस बीमारी के कारणों, लक्षणों तथा बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। साथ ही जागरूकता बढ़ाने के लिए पंफलेट भी वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पिंकी गुप्ता एवं डॉ. चंद्रपाल पुनिया का विशेष योगदान रहा।

उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए वर्तमान समय में आत्मरक्षा और स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष बल दिया। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष गीति बिंद्रा ने अंत में सिविल डिफैंस, अम्बाला के कंपनी कमांडर संजीव सैनी तथा सभी छात्रों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर एन.एस.एस. इकाई के सलाहकार सदस्य राजिंदर मीरवाल ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।